मूल्य 1 रु.

वर्षः 9 - अंक : 197, मुंबई, बुधवार, 16 अक्टूबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

# भाजपा का संकल्प पत्र

## 5 साल में एक करोड़ नौकरियां देंगे, सावरकर को भारत रत्न देने की मांग करेंगे

### भाजपा का वादा- नदियों को जोड़कर महाराष्ट्र को सूखामुक्त बनाएंगे, किसानों को 12 घंटे बिजली देंगे

### भाजपा-शिवसेना गठबंधन, लेकिन घोषणा पत्र अलग-अलग जारी किया

**मुंबई।** भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 21 अक्टूबर को होने वाले मतदान से छह दिन पहले मंगलवार को घोषण पत्र जारी कर दिया। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। इसमें भाजपा ने वादा किया है कि दोबारा सत्ता में आने पर वह स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर, समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की मांग करेगी। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**




### संकल्प पत्र के मुख्य बिंदु

- पूरे महाराष्ट्र को इंटरनेट से जोड़ने का लक्ष्य।
- शहीद परिवार के लिए पुनर्वास की योजना।
- कोंकण में गोदावरी का पानी लाना।
- 2022 तक हर घर में शुद्ध जल पहुंचाने का लक्ष्य।
- युवाओं को रोजगार देने के लिए विशेष योजना।
- हमारी योजना हर घर को पानी देने की है, इसलिए हम वॉटर ग्रिड की संकल्पना को कार्यान्वित करेंगे।
- हर गांव में 12 घंटे पानी पहुंचाने की योजना।
- ग्राम सड़क योजना के तहत हर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने की योजना।
- किसानों को 12 घंटे बिजली देने की योजना।




# यवतमाल में राहुल ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

### कहा- उनका काम आपका ध्यान भटकाना है

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार में मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यवतमाल में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने कहा, उनका (मोदी) का एक ही काम है आपका ध्यान कभी ऊपर, कभी नीचे, कभी इधर और कभी उधर ले जाना। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**



# ईडी ने प्रफुल्ल को समन भेजा



# राकांपा नेता ने इकबाल मिर्ची से संबंधों से किया इनकार

**संवाददाता/मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन भेजा है। ईडी ने उन्हें 18 अक्टूबर को हाजिर होने को कहा है। उनसे सीजे हाऊस की परिसंपत्तियों को लेकर पूछताछ की जाएगी। खबर के मुताबिक, ईडी को इस संपत्ति में प्रफुल्ल पटेल के साथ दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी रहे इकबाल मिर्ची की हिस्सेदारी के बारे में पता चला है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### मुंबई में मरीज का बलात्कार करने, उसे धमकाने के मामले में चिकित्सक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के 58 वर्षीय एक चिकित्सक को एक मरीज का कथित रूप से बलात्कार करने और पीड़िता की एक आपत्तिजनक विडियो क्लिप बनाकर उसे धमकाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

मेघवाडी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जोगेश्वरी इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय महिला चिकित्सक वंशराज द्विवेदी के संपर्क में 2015 में आई थी।

पीड़िता ने पुलिस के पास दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि आरोपी ने किसी बीमारी के उपचार के लिए मई 2015 में उसे एक टीका लगाया जिसके बाद वह उसके क्लीनिक में बेहोश हो गई।

अधिकारी ने बताया कि इसके बाद, चिकित्सक ने उसका कथित रूप से बलात्कार किया और जब वह घर लौटी तो पीड़िता को उसके मोबाइल फोन पर उसकी एक आपत्तिजनक वीडियो क्लिप भेजी गई जो चिकित्सक ने बनाई थी।

उन्होंने बताया कि जब पीड़िता ने आरोपी से वह क्लिप मांगी तो चिकित्सक ने उसे धमकाया और कहा कि यदि वह उससे शारीरिक संबंध बनाए नहीं रखती है तो वह क्लिप को ऑनलाइन साझा कर देगा। अधिकारी ने कहा, सके बाद जब क्लीनिक में कोई मरीज नहीं होता था, तब आरोपी ने कई बार उसका बलात्कार किया।'

इस बीच, महिला का पिछले साल दिसंबर में विवाह हो गया और वह उपनगर मलाड में अपने पति के घर चली गई। अधिकारी ने बताया कि हालांकि, आरोपी ने हाल में फिर पीड़िता से संपर्क किया और शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। महिला ने जब इनकार कर दिया तो उसने विडियो साझा करने की धमकी दी।

महिला के पति को 3 अक्टूबर को उसके फोन में एक विडियो क्लिप भेजी गई, जिसमें महिला और एक व्यक्ति था। जब पीड़िता के पति ने उससे इस बारे में पूछताछ की तो महिला ने उसे आरोपी के बारे में बताया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद महिला का पति उसे मेघवाडी पुलिस थाने लेकर गया और उसने चिकित्सक के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और प्रासंगिक धाराओं के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को रविवार को अदालत में पेश किया गया जिसने उसे 17 अक्टूबर तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

### साले ने पुलिस थाने में की जीजा की हत्या, गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के एक पुलिस थाने में आटो रिक्शा चालक की उसके साले ने सोमवार को कथित रूप से चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

आटो रिक्शा चालक की पहचान आकाश कोलेकर (22) के रूप में की गयी है जो नल्लासोपारा का रहने वाला था।

पुलिस ने बताया कि उसकी पत्नी कोमल ने रविवार को कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि कोलेकर से पुलिस थाने में पूछताछ की जा रही थी। इसी दौरान कोमल के पिता और भाई रविंद्र काले भी थाने पहुंचे।

उन्होंने बताया कि काले ने चाकू से उस पर हमला कर दिया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे बाद में डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि सतारा के रहने वाले काले को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पीएमसी घोटाले में ईडी ने जब्त की 3830 करोड़ की संपत्ति

**मुंबई।** पीएमसी बैंक घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभी किसी को गिरफ्तार नहीं किया है, पर इस केस में आरोपियों की अब तक 3830 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने मनी लॉड्रिंग के तहत केस दर्ज किया है।

ईडी के अनुसार, वह एचडीआईएल, उसके निदेशकों और पीएमसी के अधिकारियों व अन्य की संपत्तियों का मूल्यांकन कर रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत शिनाख्त की गई कई संपत्तियों को उसने जब्त कर लिया है, जबकि अन्य को जब्त करने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक की जांच में पता चला है कि पीएमसी में 4500 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला हुआ है।




सोमवार को जब इस केस में तीन आरोपियों राकेश वधावन, उनके बेटे सारंग वधावन और वरयाम सिंह को किला कोर्ट में पेश किया गया, तो बाहर पब्लिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ हाय-हाय के नारे लगा रही थी। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। इन पर लिखा हुआ था, 'नो बेल...ओनली जेल'। यह भी लिखा हुआ था, 'वोट फॉर नोटा'। पुलिस ने कोर्ट के बाहर तगड़े सुरक्षा इंतजाम किए हुए थे। प्रदर्शनकारी इसे आर्थिक आतंकवाद बता रहे थे और केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग कर रहे थे।

# पानसरे हत्या की जांच एसआईटी से वापस लेने की मांग

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट में सोमवार को कामरेड गोविंद पानसरे हत्या मामले की जांच एसआईटी से वापस लेने की मांग हुई है। पानसरे के परिजन का कहना है कि एसआईटी की जांच में विशेष प्रगति नहीं हुई है। इस पर हाई कोर्ट ने पानसरे के परिजन को न्यायिक प्रक्रिया के तहत अर्जी देकर पीठ के सामने मांग करने का निर्देश दिया।

सोमवार को हाई कोर्ट में कामरेड गोविंद पानसरे और डॉ. नरेंद्र दाभोलकर हत्या के मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान एसआईटी के धीमी जांच पर एक बार फिर सवाल उठा। पानसरे हत्याकांड मामले में एसआईटी की जांच पर कई बार हाई



कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की है।

हाई कोर्ट ने कहा कि सिर्फ दूसरी जांच एजेंसी की रिपोर्ट पर एसआईटी निर्भर नहीं रहे। इस दौरान जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों को पानसरे हत्याकांड मामले में प्रगति दिखाने के लिए कहा। सरकारी वकील ने कहा कि कोल्हापुर में बाढ़ की वजह से पिछले डेढ़ महीने में कोई जांच नहीं हो पाई।

**हथियार ढूंढ़ने के लिए और दो हफ्ते चाहिए**

डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या में इस्तेमाल हथियार का अवशेष खाड़ी में ढूंढ़ने के लिए सीबीआई ने हाई कोर्ट से और दो सप्ताह की मांग की। इस पर हाई कोर्ट ने सीबीआई से बढ़ी हुई अवधि में जांच खत्म कर चार्जशीट फाइल करने का निर्देश दिया। पिछले महीने सीबीआई ने हथियार ढूंढ़ने के लिए चार सप्ताह लगने की बात कही थी। सीबीआई के मुताबिक, आरोपियों ने दाभोलकर के हत्या में इस्तेमाल पिस्तौल को कलवा खाड़ी में फेंकने की बात कबूली है। उसे ढूंढ़ने के लिए विदेश से प्रशिक्षित लोगों से भी मदद मांगी गई है।

# पिता नारायण राणे और भाई नीलेश को नहीं पच रही शिवसेना से नीतेश राणे की नजदीकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम नारायण राणे के दोनों बेटों के बीच मतभेद सोमवार को खुलकर सबके सामने आ गए। राणे के बड़े बेटे नीलेश ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपने छोटे भाई नीतेश की उस इच्छा पर अपनी नाराजगी जाहिर की जिसके तहत नीतेश ने शिवसेना के साथ काम करने की बात कही थी। नीलेश ने नीतेश को सेना और अपने पिता के बीच के कड़वे इतिहास का भी संकेत दिया।

नीतेश ने एक टीवी चैनल को दिए बयान में कहा था कि वह युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे के साथ काम करना चाहते हैं। बता दें कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे परिवार के पहले सदस्य हैं जो चुनावी मैदान में उतरे हैं। आदित्य वर्ली से चुनाव लड़ रहे हैं, दूसरी तरफ आखिरी पलों में बीजेपी ने आगामी विधानसभा चुनावों में नीतेश को कोंकण के कांकावली से टिकट दिया है। नीतेश ने 2014 में इसी सीट से कांग्रेस के टिकट पर बीजेपी के एमएलए प्रमोद जाठर को हराया था।

नीतेश के बयान के फौरन बाद नीलेश ने ट्वीट किया, 'मैं नीतेश के बयान से पूरी तरह असहमत हूं। सेना ने न केवल मेरे पिता को परेशान किया बल्कि कई मौकों पर मुझे और मेरे पार्टी कार्यकताओं को निशाना बनाया है। राजनीति अपनी जगह है लेकिन मैं हमेशा उन पर सामने से हमला करूंगा।'

# उद्धव ठाकरे की रैली के लिए तोड़ी गई स्कूल की दीवार



**उस्मानाबाद।** महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिला परिषद विद्यालय ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की जनसभा के कारण सोमवार को रसायन शास्त्र की परीक्षा को शुक्रवार तक के लिए टाल दिया है। शिवसेना की जिला इकाई यह जनसभा आयोजित कर रही है। सूत्रों ने बताया कि ठाकरे की रैली के लिए स्कूल परिसर की दीवार को तोड़ दिया गया। यह रैली जेपी गर्ल्स हाई स्कूल के मैदान में हुई थी।

जिला परिषद के सीईओ संजय कोल्टे ने अपने पत्र में कहा है कि आयोजकों को 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए लागू आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करना चाहिए और किसी भी परिसर की दीवार या स्कूल भवन को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए।

संपर्क करने पर जेपी हाई स्कूल (बालक) के प्रधान अध्यापक डी आर सरार ने स्वीकार किया कि परीक्षा की तारीख को आगे बढ़ाकर 18 अक्टूबर किया गया है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# पीएमसी घोटाला: बैंक में फंसा था 90 लाख, चली गई जान

**मुंबई।** पंजाब ऐंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक (पीएमसी) के जमाकर्ता संजय गुलाटी की सोमवार दोपहर के वक्त एक विरोध प्रदर्शन रैली के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। 51 वर्षीय संजय ओशिवारा के तारापुर गार्डन के रहने वाले थे। बता दें कि पीएमसी बैंक में वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आने के बाद केंद्रीय बैंक ने इस बैंक के ग्राहकों के लिए नकदी निकासी की सीमा तय करने के साथ ही बैंक पर कई तरह के अन्य प्रतिबंध लगा दिए हैं।


संजय गुलाटी के परिवार के 90 लाख रुपये ओशिवारा ब्रांच में फंसे हुए हैं। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। सोसायटी के सेक्रटरी



यतींद्र पाल कहते हैं, 'संजय और उनके पिता सीएल गुलाटी जेट एयरवेज में काम करते थे। पहले संजय की नौकरी गई, फिर उनकी बचत भी खत्म होती गई। उन्हें किसी भी प्रकार की कोई गंभीर बीमारी तो नहीं थी। उन्हें सिर्फ थाइरॉयड संबंधी समस्या थी। सोमवार को उन्होंने निवेशकों द्वारा आयोजित एक रैली में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने कई लोगों को रोते हुए, परेशान होते हुए देखा।'

यतींद्र ने कहा, 'संजय शाम को तकरीबन 3 बजकर 30 मिनट पर वापस लौटे और सो गए। 4 बजकर 45 मिनट पर उन्होंने पत्नी से खाना देने को कहा। जैसे ही वह खाना खा रहे थे, तभी वह बेहोश हुए और उनकी मौत हो गई। यह सब देखकर हम लोगों के होश फाख्ता हो गए।'

# मुंबई के तीन स्थलों को यूनेस्को का पुरस्कार



**मुंबई।** दिवाली से पहले मुंबईकरों के लिए एक खुशखबर आई है। मुंबई के तीन स्थलों फ्लोरा फाउंटेन (हुतात्मा चौक), अवर लेडी ऑफ ग्लोरिया चर्च (भायखला) और केनेसेथ एलियाहु सिनेगॉग (काला घोड़ा) को यूनेस्को का हेरिटेज संरक्षण अवॉर्ड दिया गया है। यूनेस्को एशिया-पैसिफिक रीजनल ब्यूरो ने इस क्षेत्र के लिए पुरस्कारों की आधिकारिक घोषणा की। यूनेस्को ने कहा कि ऐतिहासिक महत्व की इमारतों के संरक्षण के लिए निजी कोशिशों को सम्मानित करने से निजी और पब्लिक-प्राइवेट मॉडल के तहत ऐसे प्रॉजेक्टों को प्रोत्साहन मिलेगा। इस बार पांच देशों- भारत, चीन, भूटान, ऑस्ट्रेलिया और न्यू जीलैंड के 16 प्रॉजेक्टों को पुरस्कृत किया गया। जूरी के सामने 14 देशों की 57 प्रविष्टियां थीं।

# प्रफुल्ल पटेल से जुड़े मामले में ईडी ने दर्ज किए गैंगस्टर 'मिर्ची' के करीबियों के बयान

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक समय के कुख्यात गैंगस्टर और ड्रग्स का अवैध धंधा करने वाले इकबाल मेमन उर्फ मिर्ची के रिश्तेदारों से पूछताछ शुरू कर दी है। मिर्ची की 2013 में मौत हो चुकी है। ईडी पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री और वरिष्ठ एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल के परिवार से जुड़ी एक कंपनी और मिर्ची के बीच एक कथित फाइनैंशल डील की जांच कर रही है।

मिर्ची कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का सहयोगी था। हालांकि, प्रफुल्ल पटेल ने ईडी के इन आरोपों को खारिज किया है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही इस सिलसिले में एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और उनके परिवार से भी पूछताछ हो सकती है। सोमवार को ईडी ने इकबाल मेमन के रिश्तेदार मुक्तार पटका का बयान दर्ज किया। जल्द ही इकबाल मेमन उर्फ मिर्ची की पत्नी हाजरा और उसके दो बेटों के बयान भी दर्ज किए जाएंगे। यह जांच उस मामले की जांच कर रही है जिसके बारे में कहा जा रहा है कि पटेल परिवार की प्रमोटेड कंपनी मिलेनियम डिवेलपर्स और मिर्ची के परिवार के बीच एक फाइनैंशल डील हुई थी। सूत्रों का आरोप है कि इस डील के तहत मिलेनियम डिवेलपर्स को मिर्ची का वर्ली स्थित एक प्लॉट दिया गया था। यह प्लॉट वर्ली में नेहरू प्लैनेटेरियम के सामने प्राइम लोकेशन पर मौजूद है। इसी प्लॉट पर मिलेनियम डिवेलपर्स ने 15 मंजिला कमर्शल और रेजिडेंशल इमारत का निर्माण किया है। इसका नाम सीजे हाउस रखा गया है।

इसके बाद 2007 में कंपनी ने कथित तौर पर सीजे हाउस में 14 हजार वर्ग फीट के दो फ्लोर मिर्ची की बीवी



हाजरा को एक रजिस्टर्ड अग्रीमेंट के तहत दे दिए गए। मिर्ची ने अधिकांश प्रॉपर्टी अपनी बीवी और अपने बेटों के नाम खरीदी थी। वर्ली की प्राइम लोकेशन पर उनके कई प्लॉट हैं।

वर्ली में जिस प्लॉट पर 1980 के दशक में मिर्ची का डिस्कोथेक 'फिशरमैंस वार्फ' बना था वह भी हाजरा के ही नाम था। ईडी को 1999 से 2007 के बीच जमीन के मालिकाना हक वाले कागज भी मिल गए हैं। बताया जाता है कि एक दस्तावेज में हाजरा और मिलेनियम डिवेलपर्स के बीच इस प्लॉट को फिर से डिवेलप करने की हुई डील के सबूत हैं। सूत्रों ने कहा कि चूंकि मिर्ची ने यह संपत्ति अवैध गतिविधियों से कमाए पैसे से खरीदी थी इसलिए यह अपराध के जरिए अर्जित किया गया धन है। ये बयान दर्ज करने के बाद, ईडी संपत्ति कुर्क करने पर फैसला लेगी।

# अंधेरी की पेनिनसुला बिल्डिंग में लगी भीषण आग, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

**मुंबई।** मायानगरी मुंबई से हादसों का शहर बनती जा रही मुंबई के अंधेरी में 22 मंजिला पेनिनसुला बिल्डिंग में सोमवार को 12 बजकर 45 मिनट पर आग लग गयी। इस इमारत में कई प्रोडक्शन हाउस और ऑफिस मौजूद हैं। ये आग बिल्डिंग की छठी मंजिल पर लगी है। आग बुझाने के लिए चार दमकल की गाडियां मौके पर पहुंच चुकी हैं। हालांकि इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, इस मामले में अभी और जानकारी की प्रतीक्षा है।

### ड्रीमलैंड सिनेमा के नजदीक अवासीय इमारत में आग

रविवार को भी मुंबई के चरनी रोड इलाके में ड्रीमलैंड सिनेमा के नजदीक अवासीय इमारत आदित्य आर्केड में आग लग गई थी, हालांकि दमकल कर्मियों ने क्रेन और सीढ़ी की सहायता से इमारत में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया था। आग इतनी भयंकर थी की उसे काबू



में करने के लिए आठ दमकल की गाडिया मौके पर बुलाई गयी थीं। बचाव कार्य के समय दो दमकलकर्मी भी घायल हो गए थे, जबकि एक व्यक्ति बेहोश हो गया था जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया था, आग के कारणों को कुछ पता नहीं चल पाया है।

### वाशी स्टेशन पर लोकल ट्रेन में आग

पिछले दिनों नवी मुंबई के वाशी स्टेशन पर लोकल ट्रेन के पैंट्रोग्राफ में भी आग लग गयी थी। जिसके बाद लोकल ट्रेन सुविधा काफी समय तक प्रभावित हुई थी। ये ट्रेन सीएसटी से पनवेल की ओर जा रही थी, इसके बाद वाशी स्टेशन पर बिजली की सप्लाई भी रोक दी गयी थी। आग की खबर फैलते ही पूरे स्टेशन पर हडकंप मच गया, लेकिन आग पर काबू पाते ही लोकल ट्रेन सर्विस सामान्य हो गयी थी।



# बीजेपी के संकल्प पत्र में वीर सावरकर को भारत रत्न का वादा

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए जारी घोषणापत्र में बीजेपी ने स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) को भारत रत्न देने का वादा किया है। बता दें कि बीजेपी और महाराष्ट्र में सहयोगी संगठन शिवसेना लंबे समय से सावरकर को भारत रत्न देने की वकालत करते रहे हैं। उधर, घोषणापत्र में बीजेपी ने किसानों और युवाओं को भी लुभाने की कोशिश की है।

पहले शिवसेना ने अपना मेनिफेस्टो जारी किया और अब बीजेपी भी घोषणापत्र (संकल्प पत्र-2019) के साथ जनता के सामने आ गई है। कई लोकलुभावन चुनावी वादों का जिक्र कर दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए बीजेपी दमखम के साथ मैदान में है। संकल्प पत्र में बीजेपी ने स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर दिया है। साथ ही सभी वर्गों को साधने की कोशिश की है। बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में किसानों और युवाओं को भी लुभाने की कोशिश की है। किसानों को दिन में 12 घंटे से अधिक बिजली देने के वादे के साथ ही बीजेपी ने युवाओं के लिए एक करोड़ रोजगार देने का भी वादा किया है। वहीं, भारत नेट और महाराष्ट्र नेट के माध्यम से संपूर्ण महाराष्ट्र को इंटरनेट से जोड़ने की भी बात कही गई है।

इसके अलावा शिवसेना ने बिजली की दरों में 30 फीसदी कटौती और किसानों की कर्जमाफी का भी वादा किया है।

# पुलिस स्टेशन के अंदर युवक ने जीजा की चाकू मारकर की हत्या, बहन के सुसाइड से नाराज था






मृतक आकाश

**मुंबई।** सोमवार शाम को एक युवक ने पुलिस स्टेशन के अंदर अपने जीजा की चाकू मारकर हत्या कर दी। उसने पुलिसकर्मियों के सामने ही वारदात को अंजाम दिया। मृतक की पत्नी और आरोपी युवक की बहन ने सुसाइड कर लिया था। इसी बात को लेकर युवक अपने जीजा से नाराज था। पुलिस ने बताया, नालासोपारा में शनिवार को कोमल नाम की महिला ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले की जांच के लिए सोमवार को पुलिस ने कोमल के पति आकाश को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया था। जब आकाश पुलिस को बयान दर्ज करा रहा था, उसी दौरान उसका साला (कोमल का भाई) रविंद्र थाने पहुंचा और उसने आकाश पर हमला कर दिया। जब तक वहां मौजूद पुलिसकर्मी रविंद्र कालेड पर काबू करते तब तक वह रविंद्र पर कई वार कर चुका था। पुलिसवाले घायल आकाश को तुरंत अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि बहन के सुसाइड के पीछे आरोपी अपने जीजा को जिम्मेदार मानता था। इसके चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि कोमल और आकाश के संबंध ठीक नहीं थे। पड़ोसियों ने बताया कि पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था। मौके से कोई एक सुसाइड नोट नहीं मिला था। ऐसे में इसे एक एक्सीडेंटल डेथ मानकर केस दर्ज किया गया।

**जीजा को देखते ही भड़क गया आरोपी:** पुलिस ने सतारा में रहने वाले कोमल के परिवार को हादसे की सूचना दी थी। इसके बाद कोमल के माता पिता और उसका भाई रवींद्र मुंबई आए थे। वे सीधे नाला सोपारा पुलिस स्टेशन पहुंचे थे, जहां आकाश बयान दर्ज करा रहा था। अपने जीजा को देखकर रवींद्र का गुस्सा भड़क गया और उसने चाकू निकालकर उस पर हमला करते हुए कई वार कर दिए।

# पीएमसी घोटाला: पैसा अटकने के खिलाफ हुए प्रदर्शन से लौटे खाताधारक की हार्ट अटैक से मौत, बैंक में 90 लाख जमा थे

**मुंबई।** पंजाब एंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक घोटाले के खिलाफ सोमवार को प्रदर्शन कर रहे मुंबई के संजय गुलाटी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, गुलाटी और उनके परिवार के बैंक में करीब 90 लाख रुपए जमा थे। संजय ओशिवारा इलाके के तारापोरवाला गार्डन के रहने वाले थे। परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। संजय की सोसाइटी के सचिव यतींद्र पाल ने बताया, वे जेट एयरवेज में काम करते थे। पहले संजय की नौकरी चली गई और अब उनकी बचत भी बैंक में जब्त है। उन्हें सिर्फ थायरॉयड की समस्या थी। सोमवार को संजय जमाकर्ताओं द्वारा किए गए एक विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। बैंक में पैसा फंसने के कई प्रदर्शनकारी नाराज थे। दोपहर करीब 3.30 बजे संजय वहां से लौटे और सो गए। करीब 4.45 बजे उन्होंने अपनी पत्नी को खाना परोसने के लिए कहा। जब वह खाना खा रहे थे,



इसी दौरान गिर पड़े। पाल ने कहा, घर में संजय की पत्नी अकेली थीं। उन्होंने मुझे फोन किया। हम संजय को कोकिलाबेन अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मैंने हॉस्पिटल से ही पुलिस को फोन किया। संजय के माता-पिता बेंगलुरु में रहते हैं।

**क्या है पीएमसी बैंक घोटाला?**

बैंक में लोन घोटाले की वजह से आरबीआई ने पिछले महीने पीएमसी पर 6 महीने का प्रतिबंध लगा दिया और ग्राहकों के लिए रकम निकासी की सीमा 1000 रुपए तय कर दी थी। बाद में ये लिमिट 10 हजार और फिर 25 हजार और सोमवार को 40 हजार रुपए की गई। प्रतिबंध लागू रहने तक खाताधारक बैंक से केवल 40 हजार रुपए ही निकाल सकेंगे। घोटाले की वजह से हजारों खाताधारकों का पैसा बैंक में फंस गया है। आरबीआई के आदेश के खिलाफ खाताधारक लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**भाजपा का संकल्प पत्र**

इसी के साथ पार्टी ने नदियों को जोड़कर प्रदेश को सूखामुक्त करने, मराठवाड़ा में वॉटर ग्रिड बनाने और 2022 तक सभी घरों में स्वच्छ जल पहुंचाने का वादा किया है। अगले 5 साल में महाराष्ट्र में एक करोड़ नौकरियां देने का वादा भी किया है। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र की बुकलेट जारी की। नड्डा ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं है। यह अच्छी तरह से अध्ययन किया गया दस्तावेज है। इसने अन्य दलों ने घोषणा पत्र को कमजोर कर दिया है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और शिवसेना ने गठबंधन किया है। राज्य की 288 सीटों में भाजपा 150 जबकि शिवसेना 125 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जबकि 38 सीटें सहयोगी दलों को दी गई है। भाजपा से पहले शिवसेना भी विधानसभा चुनाव को लेकर अपना घोषणा पत्र जारी कर चुकी है। राज्य में 21 अक्टूबर को सभी सीटों के लिए मतदान हैं। नतीजे 24 अक्टूबर को आएंगे।

**ईडी ने प्रफुल्ल पटेल को समन भेजा**

ईडी के नोटिस के बाद प्रफुल्ल पटेल ने मंगलवार को अपने ऊपर लगे आरोपों को महज अटकलबाजी करार दिया। उन्होंने कहा, मीडिया में लीक हुए कुछ ऐसे कागजात की बात हो रही है, जो शायद मेरे ध्यान में कभी नहीं आए हैं। इकबाल मिर्ची से संबंधों के सवाल पर पटेल ने कहा, जब समय आएगा, तब मैं सभी सवालों का जवाब दूंगा। खबर के मुताबिक, प्रफुल्ल पटेल ने इकबाल मिर्ची की मौत के बाद उसकी पत्नी हाजिरा मेमन को सीजे हाउस में 2 फ्लोर दिए गए थे। पटेल ने कहा कि इस संपत्ति को उनके परिवार ने 1963 में ग्वालियर के महाराजा से खरीदा था। सह-मालिकों के बीच विवादों के चलते ये संपत्ति 1978-2005 से अदालत के रिसीवर में थी। उन्होंने कहा कि हाजिरा मेमन और उनके परिवार के बीच एक पैसे का भी लेन-देन नहीं हुआ है। दाऊद इब्राहिम के सहयोगी इकबाल मिर्ची की 2013 में मौत हो गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी को 2007 में इकबाल मिर्ची और प्रफुल्ल पटेल के बीच सीजे हाउस प्रॉपर्टी के संबंध में कॉन्ट्रैक्ट का पता चला है। इस दस्तावेज पर प्रफुल्ल पटेल ने साझेदार की हैसियत से हस्ताक्षर किए थे। संपत्ति विकसित करने के लिए जिस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, मीडिया में उसकी तस्वीरें लीक हुईं हैं।

**यवतमाल में राहुल ने पीएम मोदी पर साधा निशाना**

राहुल ने कहा, चुनाव में मोदी जी ने कहा था हर बैंक अकाउंट में 15 लाख रुपए डाले जाएंगे, मिल गए क्या आपको? कोई बता सकता है उसे मिले? उन्होंने यह भी कहा- मोदी जी जहां भी जाते हैं कोई न कोई झूठ बोल जाते हैं। मुझे बताइए जो ढेर सारा पैसा है यह कहां जा रहा है। कुछ दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने कारपोरेट टैक्स माफ किया। यानि आपके पैसे उठा कर कुछ उद्योगपतियों को दे दिए हैं। पिछले 5 सालों में मोदी ने 5 लाख 50 हजार करोड़ रुपए देश के 15 उद्योगपतियों का माफ किया। मोदी जी ने कोल माइंस को प्राइवेट करा दिया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम को प्राइवेटाइज कराने जा रहे हैं और कई अन्य बड़े उद्योग भी इसी कतार में हैं। मोदी चाहते हैं कि युवा भटकता रहे, किसान भटकता रहे और पूरी जिंदगी रोजगार खोजता रहे। नोटबंदी से देश को सिर्फ नुकसान और देश के लोगों को सिर्फ दुर्दशा झेलनी पड़ी।

# भिवंडी में बोले ओवैसी: मुसलमानों को भी मिले मराठाओं की तरह आरक्षण

**मुंबई।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने ठाणे के भिवंडी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते मुस्लिमों के लिए आरक्षण की वकालत की है। अगर आप (पीएम मोदी) सोचते हैं कि तीन तलाक बिल लाने से मुस्लिम महिलाओं को न्याय मिल गया तो यह गलत धारणा है। यदि आप वास्तव में न्याय करना चाहते हैं तो महाराष्ट्र के सभी मुसलमानों की ओर से मैं आपसे मराठा की तरह उन्हें आरक्षण देने का अनुरोध करता हूं। मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए। ये बताएं कि महाराष्ट्र में कितने आईएएस-आईपीएस अफसर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रिपल तलाक खत्म कर मुस्लिम महिलाओं को कौन सा न्याय दिया, एक मुसलमान होने के नाते मैं आज तक यह समझ नहीं पाया। मोदी आज भी मुसलमानों की दुर्दशा नहीं देखते। उन्होंने केवल प्रसिद्धि



के लिए इसे (ट्रिपल तलाक) लागू किया। असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राहुल एक ऐसे कप्तान हैं जो डूबते जहाज को देख पहले इसे छोड़ चले गए। जब कोई जहाज समुद्र के बीच में डूबता है, तो कप्तान सभी को सुरक्षित रूप से बाहर निकालता है। लेकिन गांधी एक ऐसे कप्तान हैं जो खुद कांग्रेस को डूबते हुए देख वहां से निकल गए। 70 साल से हम(मुसलमान) कांग्रेस की दया के कारण नहीं, बल्कि संविधान और भगवान की कृपा से जीवित हैं।






# 'विट्स' ने लक्सरीयस गझीबो रिसोर्ट लांच किया




**सुविख्यात** व्यावसायिक समूह विट्स कामत ग्रुप्स ने भारतीय पर्यटकों के प्रिय देश थाईलैंड के खूबसूरत टापू (आयलैंड) पर विट्स गाझीबो रिसोर्ट,लांच किया है। प्रतिष्ठित विट्स कामत ग्रुप ने पट्टाया में इस नए लांच के साथ ही जहां ग्लोबल हॉस्पिटेलिटी मार्किट में प्रवेश किया है वहीं अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए थाईलैंड के पट्टाया में अपना दूसरा स्थान बनाया है। विट्स गाझीबो रिसोर्ट भारतीय सेवा की आधुनिक और प्रभावकारी पद्धत्तियों का उपयोग विश्व की श्रेष्ठतम विधियों के साथ मिलाकर करेगा। लांच के अवसर पर बोलते हुए विट्स कामत ग्रुप के संस्थापक चेयरमैन, विक्रम कामत ने कहा, हमें इस बात पर अपार खुशी है की विट्स ने थाईलैंड में विट्स गाझीबो रिसोर्ट लांच किया है, यह थाईलैंड के पट्टाया के बिलकुल मुख्य स्थान पर स्थित है। हमारा प्रयास होगा कि हम भारत की श्रेष्ठ सेवा पद्धतियों को इस देश के रीति-रिवाजों से जोड़ें जो विश्व में अपनी तरह की अनूठी है। इस लांच के साथ ही हमें दुनिया के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल में दुनिया भर से आ रहे पर्यटकों को आकर्षित करने का अवसर मिलेगा,जिसका लाभ हम उठाने की कोशिश करेंगे। विट्स गाझीबो रिसोर्ट में कुछ ऐसी अनोखी व्यवस्था की गयी है जो भारतीय पर्यटकों को निश्चित आकर्षित करेगी।

# बॉलीवुड ने इस दुर्गा पूजा को एक उद्देश्य के साथ पूरा किया

**मुंबई** के हीरानंदानी में द पवई शरदोत्सव 2019 में आयोजित स्पंदन फाउंडेशन का जीए दुर्गा पीयूजेए एक उद्देश्य है, जो अपने अपरंपरागत, अद्वितीय और एसओसी टू प्वाइंट सामाजिक-सांस्कृतिक लोकाचार के अनुरूप नवीनतम पहल है। पुरस्कार विजेता बॉलीवुड निर्देशक सौमिक सेन (गुलाब गैंग) जिन्होंने गुरुवार को इस आयोजन का उद्घाटन किया, ने कहा, हड़ताली क्या है कि पंडाल सजाया जाता है यह पुनर्नवीनीकरण ड्रम और टेराकोटा मूर्तियों के साथ सजाया देखने के लिए एक पारिस्थितिक रूप से संतुलित खुशी है। दुर्गा को मनाने के लिए स्पोडन को क्वॉडोस। पूजा इतनी जिम्मेदारी से विशेष रूप से वर्तमान समय में जब दुनिया कार्बन पैरों के निशान को कम करने पर आमादा है। स्पंदन फाउंडेशन के स्वपन के घोष और सुब्रत मंडल ने कहा, जब हम माता (पार्वती माता) कैलाश पर्वत से अपने बच्चों के वापस आने पर उत्सव मनाते हैं, तो हमें खुशी होती है। देविका चौधुरी और रूना ने कहा। घोष की सरासर रचनात्मकता और जुनून जिसे बॉलीवुड की कई हस्तियों ने काफी सराहा है।



# धीरज कुमार ने अपनी वेब सीरीज इश्क आजकल की पूरी टीम के साथ गोसेलेब गरबा में की शिरकत




**जाने** माने एक्टर, निर्माता और निर्देशक धीरज कुमार अपनी वेब सीरीज इश्क आजकल की पूरी टीम के साथ गोसेलेब गरबा में गोरेगांव आये। चिराग शाह ने इस गरबा का आयोजन किया था। इस गरबा में कई नामी गिरामी कलाकार आये। भाकरवड़ी सीरियल की एक्ट्रेस अक्षिता मुदगल खास गरबा खेलने आई। इन्होने सभी से अपने सीरियल के बारे में बात की। धीरज कुमार और उनकी टीम ने इश्क आजकल देखने के लिए कहा। 20 अक्टूबर को इश्क आजकल का चौथा सीजन जी ५ पर आएगा। एकता जैन, उर्वशी सोलंकी ने लोगों के साथ खूब गरबा खेला। बाद में राजपाल यादव और मनोज शर्मा भी आये अपनी फिल्म लाइफ में टाइम नहीं है किसी को का प्रचार करने। इनकी फिल्म 18 अक्टूबर को पुरे भारत में रिलीज होगी। विनोद ढाकरे ने सभी मेहमानों का स्वागत किया।

# भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में उपाध्यक्ष बनाये गये महिम वर्मा



**क्रिकेट** एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव महिम वर्मा को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) में उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके लिए सोमवार को बीसीसीआइ की नई कार्यकारिणी के लिए उन्हें अपना नामांकन कराया था। उपाध्यक्ष पद पर किसी अन्य सदस्य का नामांकन पत्र नहीं आने से महिम को उपाध्यक्ष बनाया गया। 23 अक्टूबर को होने वाली सालाना बैठक के बाद वह पदभार संभाल सकते हैं। 23 अक्टूबर का दिन उत्तराखंड किक्रेट के लिए खास होगा। विश्व के सबसे ताकतवर क्रिकेट संघ (बीसीसीआइ) में उत्तराखंड का सदस्य बड़ी भूमिका निभाते नजर आएंगे। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव महिम वर्मा बीसीसीआइ के उपाध्यक्ष चुनने के बाद 23 अक्टूबर को होने वाली सालाना बैठक के बाद पदभार ग्रहण कर सकते हैं। नामांकन के दौरान मुंबई में उनके पिता व सीएयू के पूर्व सचिव पीसी वर्मा भी उनके साथ थे।

## बीसीसीआइ का भरोसा जीतने में कामयाब रहा उत्तराखंड

वैसे तो उत्तराखंड के खिलाड़ी ऋषभ पंत, उन्मुक्त चंद, मनीष पांडे, पवन नेगी, आर्यन जुयाल समेत अन्य कई खिलाड़ी भारतीय सीनियर व जूनियर टीमों में अपना जौहर दिखा रहे हैं। इससे यह बात तो तय है कि उत्तराखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। लेकिन क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड को मान्यता देने के बाद, पहले ही साल में उत्तराखंड के सदस्य को बीसीसीआइ में बड़ी भूमिका देने से यह साफ होता है कि बीसीसीआइ उत्तराखंड पर भरोसा जता रही है।

## उत्तराखंड क्रिकेट के लिए शुभ संकेत


राज्य गठन के बाद से उत्तराखंड बीसीसीआइ से मान्यता के लिए जूझ  रहा था, राज्य संघों के आपसी मतभेदों के चलते उत्तराखंड को बीसीसीआइ से मान्यता नहीं मिल पा रही थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) ने 13 अगस्त 2019 को क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड को पूर्ण मान्यता देते हुए उत्तराखंड के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए आगे बढने के रास्ते खोल दिए थे। हालांकि इस बात को कतई नहीं नाकारा जा सकता कि इस सब के पीछे क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पूर्व सचिव पीसी वर्मा के जीवन भर की कड़ी मेहनत थी। अब उत्तराखंड बोर्ड का सदस्य बीसीसीआइ में बड़ी भूमिका में शामिल रहेगा, यह उत्तराखंड क्रिकेट के लिए शुभ संकेत है।

**आइपीएल और भारतीय टीम के मैचों के रास्ते खुलेंगे:** सीएयू के सचिव महिम वर्मा के बीसीसीआइ में उपाध्यक्ष बनने के बाद उत्तराखंड में आइपीएल से लेकर आइसीसी टूर्नामेंट की राहत आसान होगी। महिम वर्मा ने बातचीत में बताया कि वह बीसीसीआइ में रहते हुए निष्पक्ष भाव से देश में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रिकेट और खिलाड़ियों के हित के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। विदित हो कि उत्तराखंड में दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हैं। एक देहरादून का राजीव गांधी स्टेडियम और दूसरा हल्द्वानी का नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम। जहां आइपीएल समेत अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी की जा सकती है।

**महिम को छोड़ना होगा सचिव का पद:** बीसीसीआइ में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद महिम वर्मा को सीएयू में सचिव का पद छोड़ना होगा। सूत्रों के अनुसार सचिव पद के लिए अभी से कई दावेदारी सामने आने लगी है। हालांकि, सचिव की जिम्मेदारी किसे मिलेगी यह आने वाले दिनों में ही पता चलेगा। महिम वर्मा (सचिव, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड) का कहना है कि मैं अमित शाह, राजीव शुक्ला, एन श्रीनिवासन व अनुराग ठाकुर का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा कर जताते हुए मुझे इस पद के लिए काबिल समझा। मैं पूरी ईमानदारी के साथ अपने कार्य का निर्वाहन करूंगा।




# एक बार फिर 'चीनी हिंदी भाई भाई'


अशोक भाटिया

**महाबलीपुरम** में भारत और चीन के राष्ट्राध्यक्षों के मध्य शिखर सम्मेलन का महत्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि भारत के जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में धारा 370 व 35ए को हटाने के बाद से ही पाकिस्तान इस मुद्दे को लेकर पूरी दुनिया में भारत का विरोध कर रहा है। चीन दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हर मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन करता है। इसके बावजूद चीन के शक्तिशाली राष्ट्रपति का भारत आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दो दिवसीय शिखर वार्ता करना अपने आप में ऐतिहासिक भी है और दूरगामी परिणाम देने वाला भी है।कश्मीर में 370 हटाने की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने के दौरान चीन के राष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर को लेकर कोई बात नहीं की। चीन जम्मू-कश्मीर को भारत का आंतरिक मामला मानता है। चीन उसमें किसी तरह की टिप्पणी नहीं करना चाहता। चीन के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से 2 दिन पहले ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान चीन जाकर राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिल कर आए थे तथा उन्होंने इस बात पर पूरा जोर दिया था कि भारत चीन शिखर सम्मेलन के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर भी चर्चा की जाए। लेकिन शी जिनपिंग ने जम्मू-कश्मीर पर कोई चर्चा नहीं कर पाकिस्तान को एक तरह से नजरअंदाज किया है जो प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति की बहुत बड़ी जीत मानी जा सकती है।

यदि चीन यह चाहता है कि भारत उसके हितों की चिंता करे तो यही काम उसे भी करना होगा। उसे भारत के खिलाफ पाकिस्तान को मोहरा बनाने की अपनी रणनीति पर नए सिरे से विचार करना ही होगा। यदि वह ऐसा नहीं करता तो फिर भारत को यह संकेत देने में संकोच नहीं करना चाहिए कि उसके पास भी तिब्बत से लेकर ताइवान तक ऐसे मसले हैं जिन पर वह मुखर हो सकता है। भारत के पास चीन को नसीहत देने के लिए हांगकांग का भी मसला है और उइगर मुसलमानों के उत्पीड़न का भी। इसके साथ ही दक्षिण चीन सागर का भी मामला है। इस पर तो दुनिया के बड़े देश भी भारत के साथ है।चीन यह मानकर नहीं चल सकता कि वह भारत से अपनी शर्तों पर रिश्ते कायम कर सकता है। वह इस समय तो ऐसा और भी नहीं कर सकता, क्योंकि एक तो उसकी अर्थव्यवस्था ढलान पर है और दूसरे, अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते उसकी मुश्किलें बढ़ रही है।

ऐसे में उचित यही है कि चीन मतभेद वाले मसलों को किनारे कर उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करे जो एक-दूसरे के लिए हितकारी होने के साथ आपसी भरोसे को बढ़ाने वाले भी साबित हों। भरोसा बढ़ेगा तो मतभेद वाले मसले भी कम होंगे।

# यूपी में गाय घोटालाः 1,625 गोवंश 'गायब', डीएम समेत 5 निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महाराजगंज की निचलौल तहसील में बने मधवलिया गो-सदन में 1,625 गोवंश 'गायब' होने, चारा और अन्य खर्चों में गड़बड़ी के आरोप में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महाराजगंज के डीएम अमरनाथ उपाध्याय सहित पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें दो पीसीएस अफसर भी हैं। प्रयागराज के नगर आयुक्त उज्ज्वल कुमार को महाराजगंज का नया डीएम बनाया गया है।

मधवलिया गोसदन में गड़बड़ियों की शिकायत हुई थी। शासन के निर्देश पर शुक्रवार को गोरखपुर के मंडलायुक्त जयंत नार्लीकर ने वहां का दौरा किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों से उन्होंने गोवंश की संख्या पूछी तो उपमुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी ने रजिस्टर में गोवंश की संख्या 2,579 होने की बात कही। अपर आयुक्त प्रशासन अजयंकात सैनी ने शनिवार को अपने



सामने गोवंश की गिनती करवाई तो संख्या 954 निकली। इस पर रिपोर्ट के आधार पर मंडलायुक्त ने जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की थी।


**संख्या कम, भुगतान ज्यादा का**

मुख्य सचिव आरके तिवारी ने लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस बताया कि मौके पर करवाई गई जांच में गोवंशों की संख्या में गड़बड़ी पाई गई। चारा और गोवंश से जुड़े अन्य खर्चे रजिस्ट्रर में दर्ज संख्या के आधार पर लिए जा रहे थे। सरकारी धन के दुरुपयोग और आर्थिक अनियमिता के लिए दोषियों पर एफआईआर के भी आदेश दिए गए हैं।

**इन पर हुई कार्रवाई**

1. अमर नाथ उपाध्याय, डीएम महाराजगंज
2. देवेंद्र कुमार, तत्कालीन एसडीएम, निचलौल
3. सत्यम मिश्रा, एसडीएम निचलौल
4. डॉ. राजीव उपाध्याय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, महाराजगंज
5. वीके मौर्य, उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी, निचलौल

# सुरक्षा में चूक : केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के चेहरे पर युवक ने फेंकी काली स्याही, भागा



**पटना।** पीएमसीएच में डेंगू के मरीजों से मिलने पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे की सुरक्षा में भारी चूक सामने आयी है। मंत्री अश्विनी चौबे जब मरीजों से मिलकर पीएमसीएच से बाहर निकले तो गेट के पास ही एक युवक ने मंत्री के चेहरे पर काली स्याही फेंक दी और भाग खड़ा हुआ।

मंत्री मीडिया से मुखातिब थे कि एक नीली शर्ट पहना हुआ युवक मंत्री अश्विनी चौबे के नजदीक आया और सरेआम काली स्याही उनके चेहरे और उनकी गाड़ी पर फेंककर तेज गति से भागने लगा। मंत्री और सुरक्षाकर्मी कुछ समझ पाते युवक चीते-सी फुर्ती से दौड़कर भाग गया। सुरक्षाकर्मी उसका पीछा करते रहे लेकिन युवक उनकी पहुंच से दूर चला गया।

अश्विनी चौबे ने घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये उन लोगों का काम है जो गंदी राजनीति करते हैं। पता नहीं, उन्हें इससे क्या हासिल होगा? अश्विनी चौबे का इशारा जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष पप्पू यादव की तरफ था। मंत्री अश्विनी चौबे पर काली स्याही फेंकने वाले युवक ने अपना नाम निशांत झा बता रहा है और उसने एक न्यूज चैनल से बातचीत में बताया कि मैं जाप का युवा प्रदेश का सचिव हूं और जलजमाव से लोगों की परेशानी देखकर मैं परेशान था, इसीलिए, मैंने नाराजगी में आकर मंत्री पर स्याही फेंकी। ये मेरा अपना फैसला था।

बता दें कि पटना में जलजमाव को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। लोग सरकार और मंत्रियों को इसके लिए जिम्मेदार मान रहे हैं। हो सकता है, युवक का गुस्सा भी इसी वजह से हो। लेकिन किसी केंद्रीय मंत्री के सुरक्षाकर्मियों के सामने एक युवक की ऐसी हरकत, सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।

# रेड लाइट पर रुके कारोबारी से पिस्टल दिखाकर 4 लाख लूटे

**नई दिल्ली।** मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन पर रविवार रात बदमाशों ने लालबत्ती पर खड़ी कारोबारी की कार का शीशा तोड़कर चार लाख रुपये लूट लिए। इस दौरान बदमाशों ने कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस लूटपाट का मामला दर्ज कर फरार बदमाशों की पहचान करने में जुट गई है।



पुलिस के मुताबिक, अनिल अरोड़ा का पानीपत में मोबाइल का कारोबार है। रविवार को वह काम के सिलसिले में करोलबाग स्थित गफ्फार मार्केट आए थे। यहां से वह अपने ड्राइवर और एक अन्य के साथ कार से घर जा रहे थे। मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के लालबत्ती पर उनकी कार खड़ी थी। तभी पीछे से दो बाइक पर सवार चार बदमाश उनकी कार के पास पहुंचे।

बदमाशों ने हेलमेट लगा रखा था। एक बदमाश ने हथौड़ा लेकर ड्राइवर सीट वाला शीशा तोड़ दिया और अनिल को रुपयों से भरा बैग देने के लिए कहा। अनिल के आना कानी करने पर बदमाशों ने पिस्टल निकालकर गोली मारने की धमकी दी। अनिल ने बदमाशों को बैग दे दिया।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह की मुश्किलें और बढ़ेगी!

**लखनऊ।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सुरक्षा तो मिली नहीं, उल्टा उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। एसआईटी के डीजी राजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि एसआईटी की रिपोर्ट पर कोर्ट ने पूर्व सांसद के खिलाफ क्रिमिनल केस चलाने के आदेश दिए। डीजी ने बताया कि कोर्ट द्वारा इस मामले में दिए गए निर्देशों के साथ एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है।

पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने अपनी सुरक्षा को लेकर जुलाई 2018 में हाई कोर्ट में रिट दाखिल की थी। बाद में उनके अधिवक्ता ने कोर्ट में एसटीएफ का एक गोपनीय पत्र लगाया, जिसमें धनंजय सिंह को खतरा बताया गया। एसटीएफ ने यह गोपनीय पत्र इंटेलिजेंस मुख्यालय भेजा था। हाई कोर्ट ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए पत्र लीक होने की जांच के आदेश दिए थे। डीजीपी हेडक्वॉर्टर से भी गोपनीय पत्र के लीक होने की जांच करवाई गई लेकिन, कोई नतीजा नहीं निकला। बाद में हाई कोर्ट के आदेश पर जांच एसआईटी को सौंप दी गई थी।

एसआईटी सूत्रों की मानें, तो हाई कोर्ट ने उक्त पत्र को लेकर दो मुद्दों पर जांच के आदेश दिए थे। पहला यह कि गोपनीय पत्र धनंजय सिंह को कैसे मिला? दूसरा, यह पत्र सही है या गलत। एसआईटी की जांच में यह पत्र सही



पाया गया। पत्र कैसे मिला, इसको लेकर एसआईटी टीम ने धनंजय सिंह के बयान दर्ज किए।

**धनंजय ने दिए दो बयान**

पहले बयान में उन्होंने कहा कि किसी अंजान आदमी ने यह पत्र उन्हें मुहैया करवाया था। फिर उन्होंने बयान बदला और कहा, उनके मीडिया के साथी ने यह पत्र दिया था। जब एसआईटी ने उस मीडिया कर्मी से पूछताछ की, तो उन्होंने बयान दिया कि कोई यह पत्र उनके कार्यालय पर दे गया था। शासन के आदेश पर एसआईटी ने अपनी सीलबंद जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल कर दी।

# दिल्ली में 80 फीसदी अपराधों में 'घुसपैठियों' का हाथः मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी चीफ मनोज तिवारी ने राजधानी में अपराधों के लिए 'अवैध रूप से बसने' वालों को जिम्मेदार ठहराया है। पीएम मोदी की भतीजी के साथ हुई स्नैचिंग की घटना के बाद तिवारी ने कहा कि 80 प्रतिशत अपराध घुसपैठिए करते हैं। मनोज तिवारी ने कहा कि उन्होंने अवैध रूप से रहने वाले लोगों पहचान करने और उन्हें निकालने के लिए ही एनआरसी की मांग की थी।

दिल्ली बीजेपी प्रमुख ने कहा कि दिल्ली में अपराध पर नियंत्रण करना दिल्ली पुलिस की



जिम्मेदारी है। लेकिन इस बात का हल निकालना जरूरी है कि जब राजधानी में इतने सारे इलीगल इमिग्रेंट रहते हैं तो दिल्ली पुलिस कैसे अपराध नियंत्रण कर सकती है।

गौरतलब है कि शनिवार को पीएम मोदी की भतीजी दमयंती मोदी का पर्स सिविल लाइन्स इलाके में झपट लिया गया था। इसमें 50,000 रुपये, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज भी थे। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की और उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया। यह घटना एलजी अनिल बैजल के आवास से थोड़ी दूरी पर ही हुई थी।

स्कूटर सवार दो बदमाशों ने दमयंती मोदी का पर्स छीन लिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद दमयंती का सामान भी बरामद कर लिया गया है।

# यूपी के 14 लाख कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस की सौगात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश के करीब 14 लाख अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को रोशनी के त्यौहार यानी दीपावली पर बोनस की सौगात दी है। सरकार ने मंगलवार को इन सभी कर्मचारियों को वर्ष 2018-19 के लिए बोनस भुगतान का शासनादेश जारी कर दिया है।

सरकारी कर्मचारियों को बोनस के तौर पर 6908 रुपए की रकम स्वीकृत हुई है। जिसका 75 प्रतिशत कर्मचारियों के जीपीएफ में जाएगा और 25 प्रतिशत यानी 1727 रुपए का नकद भुगतान होगा। इसके साथ ही 4200 रुपए तक ग्रेड पे वाले अराजपत्रित कर्मचारियों को बोनस भुगतान होगा।

# कला के साथ लोक-संस्कृति को जानने में रखते हैं रूचि, तो भीलवाड़ा है बेहतरीन जगह

बरसात के बाद राजस्थान के शहरों में अलह ही निखार आ जाता है। अगर आप महलों-हवेलियों के अलावा स्थानीय कला-संस्कृति से भी रूबरू होना चाहते हैं, तो वस्त्र-नगरी भीलवाड़ा जरूर जाएं। यहां फड़ चित्रकला के साथ-साथ आसपास की लोक संस्कृति का भी दर्शन कर सकेंगे। जानेंगे यहां मौजूद घूमने फिरने वाली कुछ मशहूर जगहों के बारे में...

**मांडलगढ़**

भीलवाड़ा से 54 किमी दूर स्थित यह जगह ऐतिहासिक महत्व की है। यह मध्यकाल के दौरान कई युद्धों का साक्षी रहा है। इतिहास में प्रसिद्ध हल्दीघाटी युद्ध के दौरान मुगल सम्राट अकबर ने इस जगह पर डेरा जमाया था। लगभग आधा मील लंबे किले की पहाड़ी के शिखर पर प्रचीरों और खाई की सुरक्षा के साथ अडिग है। माना जाता है कि यहां का किला बालनोट के राजपूतों के एक प्रमुख ने बनवाया था।

**बदनोर फोर्ट- वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना**

भीलवाड़ा से 70 किलोमीटर की दूर पर भीलवाड़ा आसिंद रोड पर स्थित बदनोर फोर्ट एक विहंगम दृश्य प्रस्तुत करता है। यह किला मध्ययुगीन भारतीय वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। सात मंजिला यह किला एक छोटी सी पहाड़ी पर बना हुआ है। बदनोर जिले के परकोटे के भीतर छोटे-छोटे कई स्मारकों और मंदिरों के भी दर्शन किए जा सकते हैं।

**मेनार जल-प्रपात**


भीलवाड़ा से 80 किमी दूर कोटा रोड पर नेशनल हाईवे 27 पर मेनाल नामक स्थान अपने अलौकिक, नैसर्गिक वैभव के कारण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यहां का एक खास आकर्षण है चारों तरफ जंगलों से घिरा मेनाल जल-प्रपात। 150 फीट की ऊंचाई से गिरने वाले इस झरने की तेज आवाज ही लोगों को आकर्षित करती है। मेनाल में शिव जी का अत्यंत वैभवशाली मंदिर भी है।



**जहाजपुर**

भीलवाड़ा से 90 किमी दूर जहाजपुर स्थित है। शहर के दक्षिण मेंएक पहाड़ी के ऊपर एक विशाल किला गहरी खाई के साथ खड़ी दो प्राचीरों और उस पर अनगिनत बुर्जों के साथ समूह रूप में दिखाई पड़ता है। कहते हैं यह मेवाड़ की सीमाओं की रक्षा के लिए राणा कुंभा द्वारा बनाएं गए किलों में से एक है। गांव में भगवान शिव को समर्पित मंदिरों का एक समूह है जिसे बारह देवरा कहते हैं। किले में भी कुछ मंदिर हैं, जिसमें एक सर्वेश्वरनाथ जी को समर्पित प्राचीन मंदिर है। जहाजपुर मुनिश्वरनाथ को समर्पित एक महत्वपूर्ण जैन मंदिर के लिए भी मशहूर है। यहां गांव और किले के बीच एक मस्जिद भी है, जिसे 'गेवी पीर' के नाम से जाना जाता है।

## प्लास्टिक यानी मौतः आपको सोचने पर मजबूर कर देगी यह तस्वीर, जरूर पढ़ें यह खबर



प्लास्टिक हमारी जिंदगी में इस तरह से रच-बस गया है कि हम उससे होने वाले नुकसान को लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं या फिर उससे जीवों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से अनजान हैं। पर्यावरण को होने वाले नुकसान की परवाह किए बगैर हम धड़ल्ले से अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक का इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर अब हम रुके नहीं, तो इसके परिणाम बहुत भयावह हो सकते हैं। यह प्लास्टिक जीवों की मौत का कारण बन रहा है। आज हम जो तस्वीर शेयर कर रहे हैं, वह आपको प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने के लिए पर्याप्त है। अमेरिका में फ्लोरिडा के बोका रैटन में एक नन्हा कछुआ बहकर समुद्र तट पर आ गया। वह पिछले सप्ताह गुम्बो लिम्बो नेचर सेंटर के सदस्यों को मिला था, लेकिन जल्द ही उसकी मौत हो गई। मेडिकल जांच में पाया गया कि उस नन्हें कछुए के पेट में प्लास्टिक के 104 टुकड़े थे। वह समुद्र में प्लास्टिक के इन टुकड़ों को अपना निवाला समझकर निगल गया था। गुम्बो लिम्बो नेचर सेंटर ने 02 अक्टूबर को इस नन्हें कछुए और उसके पेट में पाए गए प्लास्टिक के 104 टुकड़ों की हृदय विदारक तस्वीर अपने ट्विटर अकाउंट से शेयर किया था। साथ ही लोगों से अपील कि थी वे समुद्र को प्लास्टिक फ्री बनाने में अपना योगदान दें।

मेडिकल जांच में पता चला कि नन्हें कछुए के पेट में बोतल के ढक्कन से लेकर बलून्स तक थे। डॉक्टर का कहना है कि जब प्लास्टिक के ये टुकड़े कछुए के पेट में गए होंगे तो उसे लगा होगा कि अब उसका पेट भर गया है। फिर उसने कुछ नहीं खाया, उसे जो पोषण मिलना चाहिए था, वो नहीं मिला। इस कारण से वह काफी कमजोर हो गया था। वास्तव में यह स्थिति हृदय विदारक है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
संतान की चिंता रहेगी। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। भागदौड़ रहेगी। शत्रु भय रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनार्जन होगा।

**सिंह**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कुसगंति से बचें। राजकीय बाधा दूर होगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें।

**वृष**
शुभ समाचार मिलेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। विवाद से बचें। सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कन्या**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर**
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति होगी। घर में तनाव संभव है। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**मिथुन**
भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे।

**तुला**
पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**कुंभ**
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ होगा।

**कर्क**
फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी।

**वृश्चिक**
चोट, चोरी व विवाद से हानि संभव है। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। मानसिक अशांति बढ़ेगी।

**मीन**
व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। अशुभ सूचना मिल सकती है। मानसिक अशांति बढ़ेगी। विवाद से क्लेश संभव है।

## वो 5 खूबसूरत देश जहां बिना वीजा जा सकते हैं भारतीय नागरिक

कहा जाता है कि यात्रा करना पैसे से कहीं ज़्यादा कीमती होता है, और ये मुसाफिरों से बेहतर और कौन समझ सकता है जो कभी भी खुद को यात्रा पर जाने से रोक नहीं पाते। नई जगहों और संस्कृतियों की खोज करना उनकी ज़िंदगी का कायदा होता है। लेकिन वीजा के लिए अप्लाई करना और फिर उसके स्वीकृति का इंतजार करना पूरे सफर का मजा किरकिरा कर देता है।

**मकाऊ**

जब आप वहां पहुंचेंगे तो आपका स्वागत 'ने हो' कहकर किया जाएगा। मकाऊ प्रायद्वीप के साथ कोलोने और ताईपा के द्वीप साथ में मकाओ विशेष प्रशासनिक क्षेत्र बनाते हैं जो चीन के पीपुल्स गणराज्य का हिस्सा हैं।

इसे चीन का वेगस भी कहा जाता है। मकाऊ में शानदार कसीनो और रिसोर्ट्स हैं। यहां का लक्जरी एंटरटेनमेंट वर्ल्ड क्लास है। लगभग 300 सालों के लिए, ये प्रायद्वीपीय पुर्तगाली कोलोनी का हिस्सा रहा है, यही वजह है कि आपको पुर्तगाली नाम वाली सड़कें मिलेंगी, जबकि वहां कि स्थानीय भाषा कैंटोनीज है।

**फीजी आइलैंड्स**

ये एक द्वीप-समूह है, जिसमें छोटे-छोटे 30 टापू हैं। फिजी में कोरल रीफ्स और गजब के बीच हैं जो आपकी आंखों को सुकून पहुंचाएंगे। इसके साथ ही, फिजी कई विविध जातीय समूहों का घर है और इसीलिए वहां, कावा समारोह जैसी विभिन्न पारंपरिक परंपराएं देखने को मिलती हैं। वहां, पहुंचने पर महमानों को एक सर्कल में बिठाकर कावा जड़ की एक पारंपरिक ड्रिंक पिलाई जाती है। फिजी दुनिया की सबसे खुशहाल देशों में से एक है। फिजी सर्फिंग, हाइकिंग, स्काई डाइविंग और ज़िप-लाइनिंग जैसे एडवेंचर स्पोर्ट्स का केंद्र है।

**सामोआ**

सामोआ एक खूबसूरत द्वीप है, जहां पुरुष स्कर्ट पहनते हैं, खाना जमीन के अंदर पकता है, आप कभी न देखे गए झरनों की तलाश में जा सकते हैं, समुद्री कछुओं के साथ तैर सकते हैं और एंडवन्चर से भरा दिन बिताने के बाद बीच पर सो भी सकते हैं।

**कुक आइलैंड्स**

15 आइलैंड्स से बना ये देश समुद्री तटों, लगून्स, झरने, डाइविंग के स्पॉट और माउंटेन ट्रेक से भरा हुआ है। इनकी पोलिनेशियन विरासत सबसे जुदा है और सैलानी यहां का पारंपरिक नृत्य और खाना खाकर आनंदित हो जाते हैं।

**जमैका**

एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रमी यहां रिवर राफ्टिंग के लिए जा सकते हैं और पूरे द्वीप में शानदार रेनफॉरेस्ट और गुफाओं में घूम सकते हैं, जमैका उन लोगों के लिए है जो एक रेतीले समुद्र तट पर लेटे हुए अपने दिन बिताना चाहते हैं। जमैका के समुद्र तटों की शांति के साथ-साथ समुद्र का नजारा आपको मंत्रमुग्ध कर देगा।

# विवाद के बाद सुपर ओवर के नियम में बदलाव, यह है पूरी कहानी

**नई दिल्ली।** आईसीसी वर्ल्ड कप 2019 में सुपर ओवर को लेकर हुए विवाद के बाद सोमवार को नियम में बदलाव का ऐलान किया। नए नियम के मुताबिक अगर सेमीफाइनल या फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के रन बराबर होते हैं तो फिर सुपर ओवर होगा। सुपर ओवर तब तक चलता रहेगा जब तक कोई टीम ज्यादा रन बनाकर विजेता नहीं बन जाती। आईसीसी क्रिकेट समिति की बैठक में यह फैसला किया गया है। यह बदलाव इसलिए किया गया है ताकि स्पष्ट तरीक से परिणाम निकल जाए और विवाद की गुंजाइश न रहे।




**क्या है सुपर ओवर?**

सुपर ओवर वनडे और टी-20 क्रिकेट में मैच टाइ होने के बाद खेला जाता है जिसमें दोनों टीमें एक-एक अतिरिक्त ओवर खेलती हैं। ज्यादा रन बनाने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाता है। इसमें जो टीम बाद में बल्लेबाजी करती है उसे सुपर ओवर में पहले बैटिंग का मौका दिया जाता है। बल्लेबाजी करने वाला खिलाड़ी बोलिंग नहीं कर सकता है। इसके नियमों में यह भी है कि अगर सुपर ओवर में भी टाइ हो जाता है तो पारी में ज्यादा चौके के आधार पर टीम को विजयी घोषित किया जाता है। हालांकि 2010 से पहले जीत के लिए सिक्स गिने जाते थे और ज्यादा सिक्स लगाने वाली टीम विजयी होती थी।

**वर्ल्ड कप में विवाद**

वर्ल्ड कप 2019 में इंग्लैंड और न्यू जीलैंड के बीच फाइनल मुकाबला चल रहा था। न्यू जीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 241 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड ने भी 241 रन बनाकर बराबरी कर ली। फिर सुपर ओवर की बारी आई। इसमें भी दोनों टीमों ने 15-15 रन बनाए और मैच फिर टाइ हो गया।

अब ज्यादा चौके लगाने के आधार पर इंग्लैंड को विजेता घोषित कर दिया गया। न्यू जीलैंड ने 17 और इंग्लैंड ने 26 चौके लगाए थे। इस नियम के कारण आईसीसी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। न्यू जीलैंड अपने प्रदर्शन से लोगों का दिल भी जीत चुकी थी।

## भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, दक्षिण अफ्रीकाई टीम को किया क्लीन स्वीप

**वडोदरा।** अपनी गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को यहां रिलायंस स्टेडियम में खेले गए तीसरे वन-डे मैच में दक्षिण अफ्रीका को छह रनों से हरा दिया। इस लो-स्कोरिंग मैच को जीतने के साथ ही भारत ने इस तीन मैचों की वनडे सीरीज में साउथ अफ्रीका का सूपड़ा साफ कर दिया।

पहले ही सीरीज को नाम कर चुकी भारत महिला टीम ने सीरीज को 3-0 से अपने नाम कर लिया। भारत ने बुधवार को पहले वनडे में साउथ अफ्रीका की महिला टीम को एक विकेट से हराया था, जबकि शुक्रवार को दूसरे मुकाबले में मेहमान टीम को पांच विकेट से धूल




चटाई थी। ऐसा पहली बार है जब भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप किया है।

इस मुकाबले में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.5 ओवरों में सभी विकेट गंवाकर 146 रन बनाए।

ऐसे में कहा जा रहा था कि टी20 सीरीज का सिर्फ आखिरी मैच जीतने वाली मेहमान टीम साउथ अफ्रीका वनडे सीरीज का भी आखिरी मैच जीत जाएगी, लेकिन भारतीय महिला टीम की गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीकाई टीम को 140 रनों पर ढेर कर दिया। भारत की ओर से हरमनप्रीत कौर ने सबसे अधिक 38 रन बनाए, जबकि शिखा पांडे ने 35 रनों की पारी खेली।

इनके अलावा पूनम राउत (15), कप्तान मिताली राज (11) और मानसी जोशी (12) ही दहाई तक पहुंच सकीं।

## राष्ट्रीय टीम में आने के लिए युवाओं को हमसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा : उमेश

**पुणे।** तेज गेंदबाज उमेश यादव का मानना है कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन युवाओं को राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें वर्तमान टीम के सदस्यों से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। विदर्भ के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि वर्तमान टीम में शामिल खिलाड़ियों ने पिछले वर्षों में बहुत अनुभव हासिल किया है और भावी खिलाड़ियों के लिए मानदंड स्थापित किए हैं।

उमेश ने पुणे टेस्ट मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली पारी और 137 रन की जीत के बाद कहा, इस टीम में सात से आठ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने 40 से अधिक टेस्ट मैच खेले हैं। इसलिए जब देखते हैं कि सीनियर ने कितने कड़े मानदंड स्थापित किए हैं, तो उनके लिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना आसान नहीं होता है। वे जानते हैं कि टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें हमसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

पेसर उमेश ने साउथ अफ्रीका के




खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में छह विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह की वापसी के बाद वह चौथी पसंद के तेज गेंदबाज हो जाएंगे।

उन्होंने कहा, यह मेरे हाथ में नहीं है। मैं यह नहीं कह सकता कि मैं सभी टेस्ट मैचों में खेलूंगा। सभी गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है और हर किसी को किसी न किसी मुकाम पर मौका मिलेगा। मैं इसके लिए तैयार हूं और मैंने खुद को मानसिक तौर पर इसी तरह से तैयार किया है।

# क्रिकेट प्रशासक के तौर पर भी दिख सकता है 'कैप्टन' गांगुली का आक्रामक अंदाज

**मुंबई।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली ने बीसीसीआई के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। वह निर्विरोध इस पर पर काबिज होने को तैयार हैं। मुंबई में नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने जिस अंदाज में सवालों के जवाब दिए, उससे तो ऐसा ही लगता है कि 'दादा' के तेवर प्रशासक के तौर पर भी देखने को मिल सकते हैं।

क्रिकेट असोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के मौजूदा अध्यक्ष गांगुली ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर करीब 17 साल पहले अपनी टीशर्ट उतारकर लहराई थी। तब वह टीम के कप्तान थे। अब वह क्रिकेट प्रशासक के तौर पर अपनी बड़ी पारी शुरू करने जा रहे हैं और इस पद पर आक्रामकता से ज्यादा व्यवहार कुशलता, मजबूत प्रबंधन और कूटनीति की जरूरत होती है।

गांगुली से जब पूछा गया कि पद संभालने



के बाद उनकी क्या प्राथमिकताएं होंगी तो उन्होंने उसी आक्रामकता भरे अंदाज में जवाब दिया, जिसके लिए वह पहले से मशहूर हैं। उन्होंने कहा, 'मेरी पहली प्राथमिकता फर्स्ट क्लास क्रिकेट को देखने की रहेगी। मैंने प्रशासकों की समिति (सीओए) से आग्रह किया था, लेकिन मेरी तब सुनी नहीं गई।'

माना जा रहा है कि वह क्रिकेट प्रशासन में भी उसी अंदाज में रहेंगे, जैसे वह टीम इंडिया के कप्तान के तौर पर गेंदबाजों से बातचीत करते थे। गांगुली को बेहद आक्रामक कप्तान माना जाता है और कहा जाता है कि वह अपने फैसले पर अड़िग रहते थे। अब बीसीसीआई अध्यक्ष के तौर पर भी उनका वही अंदाज देखने को मिल सकता है।

**क्यों उतारी थी टीशर्ट**

नैटवेस्ट सीरीज के फाइनल में इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवर में 5 विकेट पर 325 रन बनाए। भारत 326 रन के टारगेट का पीछा कर रहा था और और उसके 5 विकेट 146 रन तक गिर गए। कप्तान गांगुली ने इस मैच में 60 रन बनाए थे।

बाद में मोहम्मद कैफ (87*) और युवराज सिंह (69*) की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया जो क्रिकेट इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़े मैचों में शुमार हो गया। गांगुली जीत के बाद उत्साहित होकर ड्रेसिंग रूम से निकले और टीशर्ट उतारकर लहरा दी।

## 1700 साल पुरानी परंपरा, इस बार पीवी सिंधु बनीं आइकन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के नीलमपेरूर में 1700 साल से चली आ रहे त्योहार में इस बार स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को धूमधाम से सम्मान दिया गया। यहां सिंधु का एक कोलाम बनाया गया और साथ में धूमधाम के साथ जुलूस निकला। राज्य के पल्ली भगवती मंदिर में 16 दिन चलने वाले प्रसिद्ध लोक कला कार्यक्रम 'नीलमपेरूर पदयानी' के फिनाले में सिंधु का कोलाम (पुतला) लगया गया जिसकी ऊंचाई 6 फीट थी। सिंधु के कोलाम के साथ हजारों लोग चल रहे थे और संगीत बजाया जा रहा था। इस वार्षिक उत्सव में शामिल होने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं।पदयानी मध्य केरल के भगवती मंदिरों में होने वाला एक रिवाज है। स्थानीय लोगों के अनुसार राज्य में वानदुर्गा को समर्पित मंदिरों में एक कोट्टायम अलपुझा सीमा पर नीलमपेरूर के इस पल्ली भगवती मंदिर का इतिहास 1700 साल पुराना है। दैवीय एवं अर्धदैवीय व्यक्तित्वों के अलावा गांव के पदयानी कलाकारों ने महिला सशक्तिकरण और हाल के वर्ल्ड चैंपियन में उनकी ऐतिहासिक जीत को दर्शाने के लिए सिंधु का कोलाम (पुतला) बनाने का फैसला किया। सिंधु का छह फुट ऊंचा पुतला प्राकृतिक चीजों जैसे सुपारी के पेड़ के तने, केले, बांस, कमल के फूल आदि से बनाया गया। पीवी सिंधु को जब यह जानकारी मिली तो खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, 'मैंने इसके बारे में जब अखबार में पढ़ा तो बेहद खुशी हुई।

## कुछ पाक खिलाड़ियों के रवैये से निराश हैं मिसबाह

**कराची।** मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों के रवैये से काफी निराश है जो अभ्यास से बचते हैं और जिनमें अनुशासन का अभाव है। पाकिस्तान को हाल ही में श्रीलंका ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हराया । एक सूत्र ने कहा , मिसबाह सबसे ज्यादा इस बात को लेकर खफा हैं कि मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता के तौर पर यह उनकी पहली श्रृंखला थी और कुछ खिलाड़ी प्रबंधन के निर्देश मानने को तैयार नहीं थे। उन्होंने फिटनेस के ऊंचे मानदंड बनाये रखने के लिये अभ्यास भी नहीं किया । सूत्र ने कहा, वह निराश हैं कि कुछ खिलाड़ी अभ्यास को हलके में ले रहे हैं और अनुशासन में भी सुधार नहीं है। वह कप्तान सरफराज अहमद के रवैये से भी खुश नहीं है जो खराब समय में जिम्मेदारी लेने से बच रहे हैं । एक अन्य सूत्र ने कहा कि मिसबाह तीन सीनियर खिलाड़ियों वहाब रियाज, इमाद वसीम और हैरिस सोहेल के रवैये से नाखुश हैं ।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ...जब फूट-फूटकर रोईं आलिया



**फिल्ममेकर** महेश भट्ट फिल्म 'सड़क 2' के जरिए निर्देशन की दुनिया में कई सालों बाद कदम रख रहे हैं। इस फिल्म में उनकी बेटी आलिया भट्ट और पूजा भट्ट मुख्य भूमिकाओं में हैं। लेकिन इस फिल्म के शूट के दौरान कुछ ऐसी घटना घटी कि महेश भट्ट फूट-फूटकर रोने लगे और उन्हें देख आलिया भी रो पड़ीं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में आलिया ने बताया कि सेट पर एक इमोशनल सीन के दौरान उन्होंने देखा कि उनके पापा उनकी परफॉर्मेंस को देखकर रो रहे हैं, तो वह भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाईं और रोने लगीं। आलिया ने आगे कहा कि इमोशनल सीन करते वक्त उनका रोने का कोई इरादा नहीं था, लेकिन वह रोने लगीं। इसी बीच जब उन्होंने देखा कि उनके पापा भी रो रहे हैं, तो वह और जोर-जोर से रोने लगीं। आलिया ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि फिल्म को क्या रिस्पॉन्स मिलेगा, लेकिन वह इस बात से खुश हैं कि इसमें उन्हें अपने पापा के साथ काम करने और कनेक्ट हो पाने का मौका मिला। बता दें कि 'सड़क 2' 1991 में आई इसी नाम की फिल्म का सीक्वल है। ऑरिजनल फिल्म में संजय दत्त और पूजा भट्ट लीड रोल में थे। वहीं सीक्वल में आलिया पूजा और संजय की बेटी के रोल में दिखाई देंगी। 'सड़क 2' की कहानी पिता और बेटी के रिश्ते के इर्द-गिर्द होगी। यह 10 जुलाई 2020 को रिलीज होगी।

## सेट पर पति-पत्नी की तरह बिहेव नहीं करते दीपिका-रणवीर




**दीपिका** पादुकोण और रणवीर सिंह जल्दी ही अपनी शादी की पहली सालगिरह मनाएंगे। लेकिन दोनों को देखकर यूं लगता है जैसे उनकी कल ही शादी हुई है। दोनों के बीच का प्यार देखते ही बनता है लेकिन दीपिका की मानें तो वह दोनों ही अपने रिश्ते को कभी भी काम पर हावी नहीं होने देते। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान दीपिका ने यह बात शेयर की। दीपिका ने बताया कि जब भी वह और रणवीर किसी प्रॉजेक्ट में एक साथ काम करते हैं तो इस बात का ख्याल रखते हैं कि वह अपनी पर्सनल लाइफ को मिक्सअप न करें। यही वजह है कि उन्होंने कभी भी सेट पर पति-पत्नी या फिर गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड की तरह बिहेव नहीं किया। अपनी आने वाली फिल्म '83' के बारे में उन्होंने कहा कि इस फिल्म में भी वह रणवीर की वाइफ का किरदार निभा रही हैं।



## सलमान की 'वॉन्टेड' के सीक्वल से बोनी बाहर?





**प्रभुदेवा** की फिल्म 'वॉन्टेड' को लेकर एक ऐसी खबर आ रही है, जो फैन्स की उत्सुकता को बढ़ाएगी ही, साथ ही उन्हें चौंकाएगी भी। दरअसल सलमान खान और प्रभुदेवा जल्द ही 'वॉन्टेड' का सीक्वल शुरू करने जा रहे हैं। जहां प्रीक्वल को बोनी कपूर ने प्रड्यूस किया था, वहीं सूत्रों के अनुसार, इसके सीक्वल में बोनी कपूर नहीं होंगे। खबर के अनुसार, कहा जा रहा है कि सलमान पर्सनल वजहों से बोनी कपूर के साथ 'वॉन्टेड' का सीक्वल नहीं करना चाहते। सूत्रों के अनुसार, कभी सलमान की भाभी रहीं ऐक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा खान बोनी कपूर के बेटे अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। इसी वजह से सलमान बोनी के साथ फिल्म में काम करने से बच रहे हैं। सलमान 'वॉन्टेड' का सीक्वल करना चाहते हैं और इसीलिए उन्होंने 'वॉन्टेड' फ्रैंजाइची खरीद ली है। इसे अब वह प्रभुदेवा के साथ ही मिलकर बनाएंगे और प्रड्यूस भी करेंगे। वहीं बोनी कपूर से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, बोनी ऐसे शख्स हैं ही नहीं जो दिल में किसी तरह का द्वेष नहीं रखते।